सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-486
04/11/2018

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से की मुलाकात

पटना, 04 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मोकामा के शंकरवा टोला स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के मित्र श्री वेंकटेश नारायण सिंह के घर जाकर उनसे मुलाकात कर सांत्वना दी। ज्ञात हो कि अस्वस्थ चल रहे श्री वेंकटेश नारायण सिंह की पत्नी का करीब एक माह पूर्व निधन हो गया था।

इसके पश्चात मोकामा स्थित सांसद श्रीमती वीणा सिंह के घर पहुंचकर उनके पति पूर्व सांसद श्री सूरजभान सिंह एवं शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने सांत्वना दिया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सांसद श्रीमती वीणा देवी के पुत्र का सड़क हादसे में निधन हो गया था।

मुख्यमंत्री ने पटना में सेन डॉयग्नोस्टिक के संस्थापक स्व0 डॉ0 दिलीप सेन के आवास पर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी।

******